


## भारतीय महिला टीम ने वेस्ट इंडीज को टी20 सीरीज में 5-0 से हराया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** प्रोविडेंस। भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने पांचवां और आखिरी टी20 मैच 61 रन से जीतकर वेस्ट इंडीज को पांच मैचों की सीरीज में 5–0 से हरा दिया। भारत के लिए वेदा कृष्णामूर्ति ने नाबाद 57 और जेमिमा रोड्रिग्ज ने 50 रन की अर्धशतकीय पारियां खेलीं। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 117 रन जोड़े और जीत में अहम भूमिका अदा की।

भारतीय महिला टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 3 विकेट पर 134 रन बनाए। भारतीय महिला टीम के दो विकेट चौथे ओवर में 17 रन पर गिर गए थे। शेफाली वर्मा नौ और कप्तान स्मृति मंधाना सात रन बनाकर आउट हो गए। फिर रोड्रिग्ज ने 56 गेंद में 50 रन बनाए जबकि कृष्णामूर्ति ने 48 गेंदों की अपनी पारी में चार चौके लगाए। वेस्ट इंडीज की टीम 20 ओवर में 7 विकेट पर 73 रन ही बना सकी। उसके आधे बल्लेबाज 53 रन पर आउट हो गए थे। वेस्ट इंडीज की ओपनर काइशोना ने सर्वाधिक 22 रन का योगदान दिया जबकि कैंपबेल 19 रन बनाकर नाबाद रहीं।

# मनु भास्कर, इलावेनिल और दिव्यांश ने जीते गोल्ड मेडल

**शूटिंग वर्ल्डकप**

### इलावेनिल वलारिवान ने महिला 10 मीटर एयर राइफल में सोने का तमगा हासिल किया

पुरुषों के वर्ग में दिव्यांश पंवार ने 627.1 के स्कोर के साथ गोल्ड मेडल अपने नाम किया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पुतियान (चीन)। भारत की 'युवा ब्रिगेड' मनु भाकर, दिव्यांश पंवार और इलावेनिल वलारिवान ने आईएसएसएफ वर्ल्ड कप फाइनल्स में अपने–अपने वर्ग में गोल्ड मेडल जीतकर देश के लिए इस दिन को यादगार बना दिया। मनु ने जूनियर वर्ल्ड रेकॉर्ड के साथ महिला 10 मीटर एयर पिस्टल इवेंट का गोल्ड मेडल अपने नाम किया जबकि इलावेनिल ने महिला 10 मीटर एयर राइफल में सोने का तमगा हासिल किया। दिव्यांश ने पुरुषों के 10 मीटर एयर राइफल इवेंट में पहला स्थान हासिल किया।

17 साल की मनु ने 244.7 का स्कोर किया और जूनियर वर्ल्ड रेकॉर्ड कायम किया। यह आईएसएसएफ का इस सीजन का अंतिम टूर्नामेंट है। मनु के इवेंट के फाइनल में ही यशस्विनी सिंह देसवाल ने छठे नंबर पर रहीं। सर्बिया की जोराना अरुनोविच ने 241.9 के स्कोर के साथ सिल्वर और चीन की क्वियान वांग ने 221.8 के स्कोर के साथ ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया।







इलावेनिल ने 250.8 के स्कोर के साथ ताइवान की लिन यिंग शिन को पछाड़ते हुए गोल्ड मेडल जीता। सिल्वर मेडल हासिल करने वालीं लिन ने 250.7 का स्कोर किया जबकि रोमानिया की लोरा–जॉर्जेटा कोमान ने 229 के स्कोर के साथ ब्रॉन्ज हासिल किया। मेहुली घोष ने भी इसी इवेंट के लिए क्वॉलिफाइ किया था, लेकिन वह 163.8 के स्कोर के साथ छठे नंबर पर रहीं। वहीं, दिव्यांश ने पुरुषों के 10 मीटर एयर राइफल इवेंट में 627.1 के स्कोर के साथ पहला स्थान हासिल किया। हंगरी के इस्तवान पेनी को रजत और स्लोवाकिया के पैट्रिक जेनी को ब्रॉन्ज मेडल मिला। पुरुषों के 10 मीटर एयर पिस्टल में अभिषेक वर्मा और सौरभ चौधरी ने फाइनल में जगह बना ली लेकिन पदक नहीं जीत सके।

पुरुषों के 10 मीटर एयर पिस्टल इवेंट में अभिषेक वर्मा और सौरभ चौधरी ने फाइनल के लिए क्वॉलिफाइ किया था लेकिन मेडल जीतने में कामयाब नहीं हो सके। वर्मा क्वॉलिफिकेशन में 588 के स्कोर के साथ टॉप पर थे लेकिन फाइनल में 179.4 के स्कोर के साथ पांचवें नंबर पर रहे। चौधरी क्वॉलिफिकेशन में सातवें स्थान पर रहे थे।

# ऑस्ट्रेलिया में डे–नाइट टेस्ट खेलेंगे कोहली, बशर्ते अभ्यास मैच मिले

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

यह नहीं हो सकता कि हम गुलाबी गेंद से खेले बिना ही टेस्ट को तैयार हो जाएं: विराट

कोलकाता। भारतीय कप्तान विराट कोहली अगले साल ऑस्ट्रेलिया में डे–नाइट फॉर्मेट में टेस्ट मैच खेलने को तैयार हैं, बशर्ते टीम को एक अभ्यास मैच खेलने को मिले। भारतीय टीम ने 2017–18 के ऑस्ट्रेलिया दौरे पर डे–नाइट टेस्ट खेलने से इनकार कर दिया था। अब यहां शुक्रवार से बांग्लादेश के खिलाफ भारतीय टीम अपना पहला डे–नाइट टेस्ट मैच खेलेगी। यह पूछने पर कि क्या अगले साल के दौरे पर वह ऑस्ट्रेलिया में डे–नाइट टेस्ट खेलेंगे, कोहली ने हां में जवाब दिया लेकिन कहा कि उनकी एक शर्त है।

कैप्टन कोहली ने कहा, 'जब भी यह होगा, इससे पहले एक अभ्यास मैच रखना होगा।' उन्होंने कहा कि भारतीय टीम ने 2017–18 में ऐडिलेड में डे–नाइट टेस्ट खेलने से इनकार कर दिया था क्योंकि टीम को अनुकूलन के लिए अभ्यास मैच नहीं मिला था। उन्होंने कहा, 'हम गुलाबी गेंद से क्रिकेट खेलना चाहते थे। अब ऐसा हो रहा है। एक बड़े दौरे पर अचानक यह नहीं हो सकता कि हम गुलाबी गेंद से खेले बिना ही टेस्ट खेलने को तैयार हो जाएं। हमने गुलाबी गेंद से कोई प्रथम श्रेणी मैच भी नहीं खेला था।' यह पूछने पर कि उनका इरादा कैसे बदला, उन्होंने कहा कि वह इसलिए तैयार हुए क्योंकि लंबे समय से बातचीत चल रही थी और उन्हें अचानक नहीं बताया गया।

कोहली ने कहा, 'आप दो दिन पहले अचानक नहीं कह सकते कि गुलाबी गेंद से खेलना है। इसके लिए तैयारी चाहिए होती है। एक बार आदत बन जाने पर कोई दिक्कत नहीं है।' उन्होंने कहा, 'हम अपने देश में गुलाबी गेंद से टेस्ट खेल रहे हैं। देखना होगा कि यह कैसा रहता है। इसके बाद हम बाहर किसी अहम टेस्ट सीरीज में इससे खेल सकते हैं।'

ओस की भूमिका के बारे में उन्होंने कहा, 'देर वाले सत्र में ओस की भूमिका होगी। हम उस समय देखेंगे कि कैसे निपटना है। भारत में और दूसरे देश में डे–नाइट टेस्ट खेलने में यही फर्क है।'

## भारत–वेस्टइंडीज टी–20 क्रिकेट मैच के लिए सुरक्षा नहीं देगी मुंबई पुलिस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। मुंबई पुलिस ने कहा है कि वह 6 दिसंबर को वेस्टइंडीज और भारत के बीच होने वाले मैच में सुरक्षा नहीं दे पाएगी। पुलिस ने मुंबई क्रिकेट असोसिएशन से कहा है कि उसी दिन बाबा साहब आंबेडकर का परिनिर्वाण दिवस है। गौरतलब है कि इस दिन मुंबई में कई सारे कार्यक्रमों का आयोजन होता है और पुलिस उन कार्यक्रमों में व्यस्त रहती है। बताते चलें कि भारत दौरे पर आ रही वेस्टइंडीज टीम तीन टी–20 मैचों की सीरीज खेलेगी। इस सीरीज का पहला मैच 6 दिसंबर को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाना है। मैच के दौरान दोनों टीमों के खिलाड़ियों, अन्य स्टाफ और स्टेडियम की सुरक्षा के लिए भारी मात्रा में सुरक्षाकर्मियों की आवश्यकता होती है। इसके अलावा दर्शकों को संभालने और स्टेडियम के आसपास सुरक्षा और शांति बनाए रखने के लिए भी पुलिस की आवश्यकता होती है। इसी मैच के लिए मुंबई क्रिकेट असोसिएशन ने पुलिस से सुरक्षा मांगी थी। हालांकि, अब मुंबई पुलिस ने आंबेडकर परिनिर्वाण दिवस का हवाला देते हुए सुरक्षा दे पाने में अक्षमता जताई है।

## न्यूज डायरी



### ऑस्ट्रेलिया ने पहले टेस्ट में पाक पर शिकंजा कसा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

ब्रिसबेन। ऑस्ट्रेलिया ने पहले क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन पाकिस्तान को 240 रन पर ऑलआउट करते हुए अपनी पकड़ मजबूत कर ली। पहले सेशन में पाकिस्तान ने बिना किसी नुकसान के 57 रन बना लिए थे। इसके बाद के सत्रों में मिशेल स्टार्क, जोश हेजलवुड और पैट कमिंस ने पाकिस्तानी बल्लेबाजी की बखिया उधेड़ दी। स्टार्क ने 52 रन देकर चार विकेट लिए जबकि कमिंस को 3 और हेजलवुड को 2 विकेट मिले। एक समय पाकिस्तान का स्कोर बिना किसी नुकसान के 75 रन था जो चार विकेट पर 78 और फिर 5 विकेट पर 94 रन हो गया। पाकिस्तान के लिए असद शफीक ने 76 रन बनाए। उन्होंने मोहम्मद रिजवान के साथ 49 रन की साझेदारी की जिसने 37 रन बनाए। इसके अलावा यासिर शाह (26) के साथ 84 रन जोड़े।

### भारतीय हाकी टीम के प्रो लीग मैचों के लिये टिकटों की आनलाइन बिक्री शुरू

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नयी दिल्ली। हाकी इंडिया ने अगले साल होने वाली एफआईएच प्रो लीग के भारत के घरेलू मैचों के टिकटों की आनलाइन बिक्री शुरू कर दी। भारतीय टीम पहली बार हाकी प्रो लीग खेलेगी। इसमें नीदरलैंड, बेल्जियम, आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड जैसी टीमें भारत के खिलाफ खेलेंगी। भारत के मैच 18 जनवरी से 24 मई के बीच खेले जायेंगे। आठ घरेलू मैचों के टिकट 200 से 500 रूपये के बीच होंगे। टिकटजेनी वेबसाइट पर ये टिकट उपलब्ध हैं। छह महीने तक चलने वाली हाकी प्रो लीग 2020 में दुनिया की पांचवें नंबर की भारतीय टीम 18 और 19 जनवरी को नीदरलैंड के खिलाफ पहला मुकाबला खेलेगी। इसके बाद बेल्जियम के खिलाफ आठ और नौ फरवरी को खेलना है। आस्ट्रेलिया से मुकाबला 21 और 22 फरवरी को होगा।

### श्रीकांत और समीर बाहर, कोरिया मास्टर्स में भारतीय चुनौती समाप्त

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ग्वांगजू (कोरिया), 21 नवंबर (भाषा) किदाम्बी श्रीकांत और समीर वर्मा के गुरूवार को पुरूष एकल के दूसरे दौर में सीधे गेम में हारने से ग्वांगजू कोरिया मास्टर्स में भारतीय चुनौती समाप्त हो गयी। छठे वरीय श्रीकांत बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर सुपर 300 टूर्नामेंट में जापान के दुनिया के 14वें नंबर के खिलाड़ी कांता सुनेयामा से 14–21 19–21 से पराजय का मुंह देखना पड़ा। समीर ने हालांकि स्थानीय शटलर किम डोंगहुन (112वीं रैंकिंग) से 19–21 12–21 से हारने से पहले 40 मिनट तक मशक्कत की। श्रीकांत बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग में दुनिया के 11वें नंबर पर खिसक गये थे। उन्होंने इससे पहले सुनेयामा का सामना नहीं किया था लेकिन उन्होंने 5–1 से बढ़त बना ली और इसे 10–8 तक ले गये। लेकिन जल्द ही जापानी खिलाड़ी लगातार छठ अंक जुटाने से 14–10 से आगे हो गया और उसने आसानी से यह गेम अपने नाम कर लिया।

### टाटा स्टील शतरंज में आनंद की नजरें लंदन का टिकट कटाने पर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कोलकाता। पांच बार के विश्व चैम्पियन विश्वनाथन आनंद टाटा स्टील शतरंज टूर्नामेंट के दूसरे सत्र में शुक्रवार को जब अपने अभियान का आगाज करेंगे तो उनकी नजरें लंदन का टिकट कटाने पर लगी होंगी। इस साल के ग्रैंड शतरंज टूर का हिस्सा इस टूर्नामेंट में विश्व चौम्पियन मैग्नस कार्लसन भी खेल रहे हैं। गैरी कास्पोरोव द्वारा शुरू किये गए टूर का फाइनल टाटा स्टील टूर्नामेंट के एक सप्ताह बाद लंदन में होगा। आनंद को क्वालीफाई करने के लिये यह टूर्नामेंट जीतने का दबाव नहीं झेलना होगा। वह दस खिलाड़ियों के रैपिड और ब्लिटज टूर्नामेंट में अगर शीर्ष छह में रहते हैं तो उनका लंदन में खेलना तय है। कार्लसन खिताब के प्रबल दावेदार माने जा रहे हैं लेकिन उन्हें चीन के डिंग लिरेन , अमेरिका के वेसले सो और आर्मेनिया के लेवोन आरोनियन से कड़ी चुनौती मिलेगी। बाकी खिलाड़ियों में अमेरिका के हिकारू नकामूरा, हालैंड के अनीश गिरी , भारत के पी हरिकृष्णा और विदित गुजराती शामिल है।